MEDIA COVERAGE

20TH OCTOBER, 2022

01

**Free Press**

**Indore**


# INDORE CITY

www.freepressjournal.in INDORE | THURSDAY | OCTOBER 20, 2022


'DO THE NEEDFUL'...

# Metro Rail MD finds scope for expediting construction works


OUR STAFF REPORTER

city.indore@fpj.co.in


Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) managing director Nikunj Kumar Srivastava on Wednesday inspected the construction work going under Indore Metro Priority Corridor and ordered expediting the work on the facilities required for the trial run.

Having officers, general consultants and contractors in tow, Srivastava visited various construction sites for taking stock of the progress of construction works under Priority Corridor.

The MD first visited the Gandhinagar depot and Gandhinagar station.

He then went to Super Corridor 5 and 6 and discussed in detail every single point with the officials regarding the ongoing construction works. He found scope for speeding up the construction work and ordered the contractor and the officers to do the needful.



Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) managing director Nikunj Kumar Srivastava inspects various construction sites of Indore Metro Rail Project in the city on Wednesday

Srivastava also visited the RVNL Casting Yard and interacted with the workers there. He asked them about the facilities they are getting like accommodation, food and drink arrangements, entertainment arrangements like TV etc. He asked the contractor and the officers to ensure that the workers get the benefit of the state government welfare schemes.

The MD also asked about the status of civil works completed so far.

The construction work of Metro Viaduct (17.2 km length) under Priority Corridor is in progress and till now about 74% work of piling (foundation) is completed. Around 32% of Pier / Pillar work and 29% of Launching Girder (Erection) work is completed.

Under Priority Corridor Package, IN03 MR 10 to first dive of Viaduct Girder Launching (Erection) at Gandhinagar from Super Corridor 2 to Super Corridor 3 about 68% work is completed.

Senior metro officers including director (projects) Ajay Sharma, general manager KC Chouhan and others were also present.

**Times of India**
**Indore**

Printed from
THE TIMES OF INDIA

# Metro rail MD inspects ongoing project work

TNN | Oct 20, 2022, 08.17 AM IST

Indore: MP Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) managing director on Wednesday carried out spot inspection of ongoing work for Indore Metro project and issued instructions to complete the elevated viaduct between Gandhi Nagar and Super Corridor by March 2023 to enable operation of a train on this stretch by end of next calendar year.

The state government has set a deadline to start operation of Indore Metro Rail by November next year. As such, MPMRCL has identified around 6 km stretch for it, out of total 32 km of the first phase.

MPMRCL MD Nikunj Kumar Shrivastava on Wednesday visited the site of three stations proposed at Gandhi Nagar and Super Corridor and asked the officials concerned to complete construction of elevated viaduct in next around six months, lay the track and complete electrification and other work to enable start of train operation by Oct- Nov next year. He said that the work on 17.2 km priority corridor of Metro viaduct is underway while 74 percent work of pilling, 32 percent work of pier/pillar and 29 percent work of launching girder have been complete.

**Raj Express**
**Indore**

# मेट्रो कॉरिडार के काम में और तेजी लाई जाए

## प्रबंध संचालक ने किया मेट्रो के निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**इंदौर ■ राज न्यूज नेटवर्क**



बुधवार को निकुंज कुमार श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक द्वारा इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडार के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर विभिन्न निर्माण स्थलों का दौरा किया एवं अधिकारियों, जनरल कन्सल्टेंट एवं कान्ट्रैक्टर के साथ प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर चर्चा की।

प्रबंध संचालक ने सबसे पहले गांधीनगर डिपो का दौरा किया एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत ट्रायल रन के लिए जिन सुविधाओं की आवश्यकता है उन कार्यों पर द्रुत गति से कार्य चल रहे हैं।इसके बाद प्रबंध संचालक ने गांधी नगर स्टेशन एवं सुपर कारिडार 5 और 6 का दौरा किया एवं चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ हर एक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की एवं कान्ट्रैक्टर एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में ओर तेजी लाऐं।

इसी दौरान प्रबंध संचालक ने आरवीएनएल कास्टिंग यार्ड का भी दौरा किया एवं वहां पर कार्य कर रहे श्रमिकों से भी बातचीत की उनको मिल रही सुविधाओं जैसे रहने का स्थान, खाने-पीने की व्यवस्था, मनोरंजन की व्यवस्था जैसे टी.वी. आदि को लेकर चर्चा की और कान्ट्रैक्टर व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी नीतियों का लाभ श्रमिकों को मुहैया करवाएं।

### अन्य कार्यों पर चर्चा

प्रबंध संचालक द्वारा अब तक पूर्ण हो चुके सिविल कार्यों की स्थिति के बारे में भी विस्तृत चर्चा की । प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत मेट्रो वायडक्ट (17.2 किमी लंबाई) का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं अब तक पिलिंग (नींव) का कार्य लगभग 74 प्रतिशत और पिलरका कार्य लगभग 32 प्रतिशत तथा लांचिंग ग्रीडर का कार्य लगभग 29 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत अन्य कार्यों भी तेजी से पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर उनके साथ मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारीअजय शर्मा, निदेशक (परियोजना) के.सी. चौहान, महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

04

**The People’s Samachar**
**Indore**

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

Date 20 Oct, 2022 - Newspaper - page3

Image Text

# इंदौर मेट्रो के प्रबंध संचालक श्रीवास्तव ने प्रोजेक्ट के कार्यों का किया निरीक्षण

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर
मो.नं. 9993777268

इंदौर मेट्रो के प्रबंध संचालक निकुंज कुमार श्रीवास्तव बुधवार को इंदौर में थे। उन्होंने इस दौरान मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया और अधिकारियों एवं कांट्रेक्टर के साथ मेट्रो के निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उन्होंने गांधीनगर डिपो, गांधीनगर स्टेशन एवं सुपर कॉरिडोर 5 व 6 और आरवीएनएल कास्टिंग यार्ड का दौरा किया। प्रबंध संचालक ने अब



तक पूर्ण हो चुके सिविल कार्यों की स्थिति के बारे में भी विस्तृत चर्चा की। श्रीवास्तव ने बताया कि प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत मेट्रो वायडक्ट (17.2 किमी लंबाई) का निर्माण कार्य प्रगति पर है एवं अब तक नींव का कार्य लगभग 74 फीसदी, पिलर का कार्य लगभग 32 फीसदी तथा लॉंचिग गिर्डर का कार्य लगभग 29 फीसदी पूर्ण हो चुका है। प्रायोरिटी कॉरिडोर पैकेज के तहत आईएन 3 एमआर 10 से गांधीनगर में वायडक्ट गिर्डर लॉन्चिग (इरेक्शन) की पहली ड्राइव सुपर कॉरिडोर 2 से सुपर कॉरिडोर 3 तक का कार्य लगभग 68 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इस मौके पर उनके साथ मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी निदेशक (परियोजना) अजय शर्मा, केसी चौहान उपस्थित रहे।

**Prajatantra**
**Indore**

# मेट्रो के प्राथमिक कॉरिडोर पर पिलर की नींव का 26% काम बाकी

**प्रजातंत्र संवाददाता** | इंदौर

भोपाल-इंदौर मेट्रो रेल कंपनी के एमडी निकुंज श्रीवास्तव बुधवार को इंदौर मेट्रो रेल निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने 17 किलोमीटर के प्राथमिक कॉरिडोर के निर्माण का जायजा लिया और निर्माण कार्य की गति में तेजी लाने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने एमडी को जानकारी देते हुए बताया कि गांधीनगर से रोबोट चौराहे तक पिलर निर्माण के लिए नींव खुदाई का काम 74 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है, सेगमेंट लांचिंग का कार्य 29 प्रतिशत किया जा चुका है। इस दौरान गांधी नगर सुपर कॉरिडोर पर स्टेशन क्रमांक 2 से 3 के बीच बनाएं जा रहे मेट्रो ट्रैक का जायाजा लिया। साथ ही 2023 में मेट्रो का ट्रायल रन लेने के लिहाज से यार्ड निर्माण के कार्यों को देखा, उन्होंने कहा गांधीनगर सुपर



कॉरिडोर से रेलवे ब्रिज तक पांच किलोमीटर के हिस्से में ट्रायल किया जाना है, इस लिहाज से सितंबर 2023 पहले मेट्रो यार्ड निर्माण के साथ तकनीकी रूप से सभी मशीनें, पटरियां, सिग्नल, मेट्रो कोच, स्टेशन सहित सभी निर्माण पूर्ण किए जाने है जिसके लिए काम की गति बढ़ाने की आवश्यकता है।

Navbharat Times
Indore





# मेट्रो निमार्ण कार्य में और तेजी लाएं

## प्रबंध संचालक ने निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

**इंदौर.** प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत निकुंज कुमार श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक द्वारा इंदौर मेट्रो के अंतर्गत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया. अधिकारियों एवं कॉन्ट्रैक्टर के साथ मेट्रो के निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा की. साथ ही कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए.

प्रबंध संचालक श्री श्रीवास्तव द्वारा बुधवार को इंदौर मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडार के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर विभिन्न निर्माण स्थलों का दौरा किया. अधिकारियों, जनरल कन्सल्टेंट एवं कान्ट्रैक्टर के साथ प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर चर्चा की. प्रबंध संचालक ने सबसे पहले गांधी नगर डिपो का दौरा किया एव निर्माण कार्यों का जायजा लिया. प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत ट्रायल रन के लिए जिन सुविधाओं की आवश्यकता है उन कार्यों पर द्रूत गति से कार्य चल रहे हैं. इसके बाद प्रबंध संचालक ने गांधीनगर स्टेशन एवं सुपर कॉरिडोर 5 और 6 का दौरा किया. यहां चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ हर एक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की एवं कॉन्ट्रैक्टर एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य में और तेजी लाएं. प्रबंध संचालक द्वारा अब तक पूर्ण हो चुके सिविल कार्यों की स्थिति के बारे में भी विस्तृत चर्चा की. प्रायोरिटी कॉरिडार के तहत मेट्रो वायडक्ट (17.2किमीलंबाई) का निर्माण कार्य प्रगति पर है. अब तक पाइलिंग (नींव) का कार्य लगभग 74 प्रतिशत और पियर-पिलर का कार्य लगभग 32 प्रतिशत तथा लांचिंग गिर्डर (इरेक्शन)का कार्यलगभग 29 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है. प्रायोरिटीकॉरिडार के तहत पैकेज आईएन03 एमआर 10 से गांधी नगर में वियाडक्ट गिर्डर लांचिंग (इरेक्शन) की पहली डाईव सुपर कॉरिडोर 2 से सुपरकॉरिडोर 3 तक का कार्य लगभग 68 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है. इस मौके पर उनके साथ मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी अजय शर्मा निदेशक परियोजना, के.सी. चौहान महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे.

### श्रमिकों से भी की बातचीत

इसी दौरानप्रबंध संचालक ने आरवीएनएल कास्टिंग यार्ड का भी दौरा किया. वहां पर कार्य कर रहे श्रमिकों से भी बातचीत की. उनको मिल रही सुविधाओं जैसे रहने का स्थान, खाने-पीने की व्यवस्था, मनोरंजन की व्यवस्था जैसे टी.वी. आदि को लेकर चर्चा की. कान्ट्रैक्टर व अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी नीतियों का लाभ श्रमिकों को मुहैया करवाएं.

# मेट्रो ट्रेन का निर्माण कार्य प्रगति पर

**स्वदेश समाचार ■ इंदौर**

इंदौर में बहुप्रतीक्षित मेट्रो ट्रेन चलाए जाने से पहले रन-वे के लिए इन दिनों जोर-शोर से काम चल रहा है। उक्त कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं निर्माण कार्य में कांट्रेक्टर ने आज किया और कहा कि कार्य प्रगति पर है।

प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत म.प्र. मेट्रो ट्रेन निगम निकुंज कुमार श्रीवास्तव, प्रबंध संचालक द्वारा इंदौर मेट्रो के अंतर्गत निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया एवं अधिकारियों एवं कांट्रेक्टर के साथ मेट्रो के निर्माण कार्यों को लेकर चर्चा की। श्री श्रीवास्तव ने प्रायोरिटी कारिडार के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर विभिन्न निर्माम स्थलों का दौरा किया एवं अधिकारियों, जनरल कन्सल्टेंट एवं कान्ट्रेक्ट के साथ प्रायोरिटी कारिडार के तहत निर्माण कार्यों की प्रगति को लेकर चर्चा की। सबसे पहले गांधीनगर डिपो का दौरा किया एवं निर्माण कार्यों का जायजा लिया। प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत ट्रायल रन के लिए जिन सुविधाओं की आवश्यकता है उन कार्यों पर द्रुत गति से कार्य चल रहे हैं। गांधीनगर स्टेशन एवं सुपर कॉरिडोर 5 और 6 का दौरा किया एवं चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ हर एक बिन्दु पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान प्रबंध संचालक ने कास्टिंग यार्ड का भी दौरा किया एवं वहां पर कार्य कर रहे श्रमिकों से भी बातचीत कर सुविधाओं जैसे रहने का स्थान, खाने-पीने की व्यवस्था, मनोरंजन की व्यवस्था जैसे टीवी आदि को लेकर चर्चा की।

08

**Dainik Bhaskar**

**Indore**

**मेट्रो पर माथापच्ची** • प्रोजेक्ट के एमडी के साथ रूट को लेकर हुई चर्चा

# एमजी रोड पर दोबारा सोचें, अफसर तो चले जाएंगे, शहर भुगतेगा : ताई

**फिर विकल्प क्या?** सुभाष मार्ग से ले जा सकते हैं, एमजी रोड से दूर भी नहीं है

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के दूसरे चरण में एमजी रोड से रूट को लेकर विचार विमर्श का दौर जारी है। शुक्रवार को मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के एमडी निकुंज श्रीवास्तव इंदौर आए। उन्होंने गांधी नगर व सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का मुआयना किया। इसके बाद पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन से मिलने उनके मनीषपुरी स्थित निवास पर भी पहुंचे। उनके साथ निगमायुक्त, मेट्रो प्रोजेक्ट के जीएम सहित स्थानीय अधिकारी मौजूद थे। महाजन ने एमजी रोड से मेट्रो ट्रेन ले जाने पर दोबारा सोचने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि अधिकारी तो बदलकर चले जाएंगे, लेकिन शहर फिर भुगतेगा। गांधी हॉल शहर की धरोहर है। उसके अंदर से कैसे ट्रेन ले जा सकते हैं। महाजन ने निगमायुक्त प्रतिभा पाल से भी इस पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि राजबाड़ा, गांधी हॉल शहर की धरोहर है। यहां से मेट्रो रूट ले जाना गलत है। बाद में लोग विरोध करेंगे, इससे अच्छा है, अभी इस बारे में विचार कर लिया जाए। इसके पास सुभाष मार्ग है, वहां से भी इसे ले जाया जा सकता है। यह एमजी रोड से ज्यादा दूर नहीं है।

## एमडी बोले- बदलाव हुआ तो प्रस्ताव दिल्ली भेजना पड़ेगा

ताई ने कहा कि पहले मैं बैठक में नहीं आ रही थी, इसलिए मेरी जानकारी में उस समय यह नहीं आया, लेकिन अब लोगों की प्रतिक्रियाएं मेरे पास आ रही हैं। चर्चा के बाद श्रीवास्तव ने कहा कि मैं इसे समझ लेता हूं। यदि कोई बदलाव करना होगा तो प्रस्ताव दिल्ली भेजना होगा। इस पर महाजन ने कहा कि मैं दिल्ली तक आपकी मदद करूंगी। शहर के हित की बात है। यदि बदलाव करना है तो करना चाहिए।



**पहला चरण : नींव का काम 74% पूरा**

**17.2** किलोमीटर में पहले चरण के तहत मेट्रो वायडक्ट का काम चल रहा है।

एमडी श्रीवास्तव सबसे पहले गांधी नगर पहुंचे। इसके बाद ट्रायल रन के लिए जरूरी संसाधनों पर जिम्मेदारों से बात की। गांधीनगर स्टेशन और सुपर कॉरिडोर 5 और 6 का निरीक्षण किया। इसके बाद [illegible] के कास्टिंग यार्ड को देखा। यहां श्रमिकों से बात कर उनके खाने-पीने मनोरंजन आदि की सुविधाओं पर बात की। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के काम की प्रगति रिपोर्ट पर बात करें तो प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत 17.2 किलोमीटर के मेट्रो वायडक्ट का काम चल रहा है। नींव डालने का काम 74 फीसदी, पिलर का काम 32 फीसदी और 29 फीसदी लॉन्चिंग गर्डर का काम भी किया जा चुका है।

### जो भी फैसला लेंगे शहरहित में ही लेंगे

- *मैंने अपनी बात रखी है। सुभाष मार्ग से भी ट्रेन को ले जाते हैं तो एमजी रोड से यह दूर नहीं है। अन्य विकल्प पर भी हैं। राजबाड़ा हैरिटेज है। प्रस्ताव बदलना पड़े तो वह भी करना चाहिए।* **सुमित्रा महाजन,** पूर्व लोकसभा स्पीकर
- *ताई ने मेट्रो को लेकर सुझाव दिए हैं। शहर हित में जो बेहतर होगा, वही निर्णय लिया जाएगा। हम भी चाहते हैं कि कम से कम लोगों का नुकसान हो। हैरिटेज को भी नुकसान नहीं होना चाहिए।* **शंकर लालवानी,** सांसद
- *शहर के लिए जो बेहतर होगा, वही करेंगे। हम औपचारिक बैठक के लिए आए थे। शहरहित में ही फैसला होगा। बैठक में लोन के लिए रिपोर्ट जमा करवाने के प्लान को उन्होंने टाल दिया।* **निकुंज श्रीवास्तव,** मेट्रो प्रोजेक्ट, एमडी

**Patrika**

**Indore**

## एमडी ने किया मेट्रो के काम का निरीक्षण

# अभी तीन किमी ट्रैक बना, मार्च तक पूरा चाहिए प्रायोरिटी कॉरिडोर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



इंदौर. मेट्रो काम की गति में तेजी लाने की जरूरत है। अभी मात्र 3 किमी एलिवेटेड वायडक्ट तैयार हो सका है। इस पर 6 किमी का ट्रैक डल सकता है। सुपर कॉरिडोर पर तय प्रायोरिटी कॉरिडोर के काम में और गति लाएं। मार्च तक हर हाल में बेस मिल जाए, जिससे ट्रैक डालने का काम शुरू किया जा सकेगा। सितंबर में हर हाल में मेट्रो की जाय राइड शुरू करनी होगी।

ये निर्देश बुधवार को एमडी निकुंज श्रीवास्तव ने दिए। वे दोनों कंपनियों के कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। इस दौरान कंसल्टेंट एजेंसी के अफसर भी मौजूद रहे। दोनों निर्माण कंपनियों व कंसल्टेंट को स्पष्ट कर दिया गया कि समय-सीमा में काम करें। किसी तरह के अंड़गे नहीं लगाएं। यदि कोई परेशानी आए तो सीधे चर्चा करें, कागजी काम होता रहेगा। एमडी ने आरवीएनएल व दिलीप बिल्डकॉन को संसाधन बढ़ाने के भी निर्दश दिए।

---

**एमजी रोड पर मेट्रो एलिवेटेड करने के मुद्दे पर ताई ने एमडी से कहा-यहां ऐसा संभव नहीं**

# मेट्रो एमडी- रूट बदला तो 2 साल देरी होगी, ताई- एमजी रोड पर 5 साल शुरू नहीं कर सकोगे काम

**पत्रिका अभियान**

सर्वसम्मति से चले मेट्रो

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**इंदौर**. एमजी रोड पर बिना सर्वे मेट्रो को अंडरग्राउंड से एलिवेटेड करने के विरोध और रूट प्लान बदलने के सुझाव पर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी निकुंज श्रीवास्तव तकनीकी टीम के साथ लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन (ताई) से मिलने पहुंचे। एमडी ने उन्हें बताया, जनप्रतिनिधियों की सहमति से ही रूट एलिवेटेड किया है। इसे बदलेंगे तो प्रोजेक्ट में 2 साल देरी होगी। ताई ने स्पष्ट कहा, एमजी रोड तो मेट्रो के लिए उपयुक्त नहीं है। यदि बनाया तो 5 साल काम शुरू नहीं कर सकोगे।

बुधवार को ताई से उनके निवास पर करीब 40 मिनट की चर्चा में श्रीवास्तव ने ताई को प्रोजेक्ट की वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

### इस तरह चली चर्चा

- **ताई:** वहां राजबाड़ा, गांधी हॉल जैसी शहर की धरोहर हैं। आप लोग बाहर के हो, बिना समझे बनाकर चले जाओगे। भुगतना शहर को है।
- **एमडी:** ऐसा नहीं है। सर्वे करके रूट तय किया है। बैंक लोन में भी इसे एप्रूव किया गया है।
- **ताई:** पुरातत्व विभाग की एनओसी ली है?
- **एमडी:** जरूर ली होगी। इसके बाद ही अलाइनमेंट तय किया है।
- **ताई:** पहले तो अंडरग्राउंड बताया था। अचानक यह रूट कैसे बना?
- **एमडी:** यहीं रूट था, फिर जनविरोध के बाद जनप्रतिनिधियों ने इसे बदलने का आग्रह किया। उन्हीं से सहमति भी ली है।
- **ताई:** मैं भी जनप्रतिनिधि हूं, मुझसे तो चर्चा नहीं की? किनसे अनुमति ली?
- **एमडी:** कुछ देर चुप रहकर बोले, ताई रूट को अंतिम रूप दे दिया। बदलने की प्रक्रिया लंबी होगी। दिल्ली तक बात जाएगी।
- **ताई:** ठीक है, मैं आपकी दिल्ली तक मदद करूंगी। हमारी पूरी विरासत खत्म हो जाएगी। इसके अलावा और भी रूट हैं।

Nav Duniya
Indore

# मेट्रो : ताई के सुझावों का परीक्षण करवाएंगे

## पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन से मिले मेट्रो रेल के एमडी निकुंज श्रीवास्तव

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर के मध्य क्षेत्र में मेट्रो ट्रेन का प्रस्तावित रूट बदलने का प्रयास कर रहीं पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने बुधवार को मेट्रो रेल कार्पोरेशन के एमडी निकुंज श्रीवास्तव से मुलाकात की। महाजन के सुझाओं पर श्रीवास्तव सहमत दिखे हैं। उन्होंने सुझावों का परीक्षण करवाने की बात कही है।

बुधवार को इंदौर आए श्रीवास्तव, पूर्व सांसद के मनीषपुरी स्थित निवास पर मिले। उनके साथ निगमायुक्त प्रतिभा पाल व मेट्रो प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनिल जोशी भी थे। आर्किटेक्ट हिमांशु दूधवाड़कर को भी बुलाया। उन्होंने मध्य क्षेत्र के रूट के बारे में पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेट्रो को एमजी रोड के बजाय 56 दुकान, रेसकोर्स रोड से लेकर पार्क रोड रेलवे स्टेशन के नीचे या ऊपर से होते हुए सुभाष मार्ग से ले जाया जाए। एमजी रोड से इसे ले जाने में काफी परेशानी होगी। हाई कोर्ट, गांधी हाल और राजवाड़ा जैसी महत्वपूर्ण इमारतों को नुकसान होगा। एमजी रोड के रहवासियों को भी परेशानी होगी। मीडिया से चर्चा में निकुंज श्रीवास्तव ने बताया कि ताई ने कुछ सुझाव दिए हैं। उनका परीक्षण करवाया जाएगा। जरूरी होने पर बदलाव भी करेंगे। महाजन ने कहा कि अभी कुछ निर्णय नहीं हुआ है। मैंने मेट्रो प्रोजेक्ट के बारे में अपनी राय रखी है। शहर के हित में मेट्रो का एमजी रोड से गुजरना ठीक नहीं होगा।


सुमित्रा महाजन से चर्चा करते निकुंज श्रीवास्तव और प्रतिभा पाल । ● नईदुनिया